# न्यायमूर्ति सत्येंद्र कुमार सिंह ने मध्य प्रदेश के नये लोकायुक्त के रूप में शपथ ली

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में न्यायमूर्ति सत्येंद्र कुमार सिंह को मध्य प्रदेश का नया लोकायुक्त (भ्रष्टाचार विरोधी लोकपाल) नियुक्त किया गया।

## मुख्य बिंदु:

राजभवन में **राज्यपाल मंगूभाई पटेल** द्वारा आयोजित समारोह में उन्होंने शपथ ली।

## लोकायुक्त

- लोकायुक्त भारतीय संसदीय ओम्बुड्समैन है, **जो भारत की प्रत्येक राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है और उसके लिये कार्य करता है।**
- **यह एक भ्रष्टाचार विरोधी व्यवस्था है।** किसी राज्य में लोकायुक्त व्यवस्था का उद्देश्य **लोक सेवकों के विरुद्ध शिकायतों, आरोपों की जाँच करना है।**
- लोकायुक्त व्यवस्था की उत्पत्ति स्कैंडिनेवियाई देशों में हुई थी।
- भारत में प्रशासनिक सुधार आयोग (1966-70) ने केंद्र में लोकपाल और राज्यों में लोकायुक्त के गठन की सिफारिश की थी।
- वर्ष 2013 में लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम पारित होने से पहले भारत के कई राज्यों ने 'लोकायुक्त' संस्थान बनाने के लिये कानून पारित किये।
    - महाराष्ट्र पहला राज्य था जिसने वर्ष 1971 में लोकायुक्त निकाय स्थापित किया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/justice-satyendra-kumar-singh-sworn-in-as-new-lokayukta-of-madhya-pradesh